प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 14/ 2026)
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 27 जनवरी 2026 तत्काल प्रकाशन हेतु

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने पश्चिम बंगाल लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) के लिए सिक्किम में नामची और ग्यालशिंग जिलों के आस-पास नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने दिसंबर 2026 के महीने के दौरान सिक्किम में नामची और ग्यालशिंग जिलों के आस-पास के व्यापक शहरी मार्गों को कवर करते हुए पश्चिम बंगाल लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) निष्कर्ष जारी किए। भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता की देखरेख में आयोजित ये ड्राइव टेस्ट विविध उपयोग वातावरणों - संस्थागत हॉटस्पॉट, सेकेट्रिएट एरिया, आवासीय क्षेत्र और दर्शनीय भ्रमण स्थलों में रीयल वर्ल्ड मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किये गए थे।

**2 दिसंबर 2025 से 6 दिसंबर 2025 के बीच**, भादूविप्रा की टीमों ने सिक्किम में नामची और ग्यालशिंग जिलों के आस पास के इलाकों में **294.6 किलोमीटर सिटी ड्राइव टेस्ट**, **10 हॉटस्पाट स्थानों** और **2.0 किलोमीटर वॉक टेस्ट** करते हुए विस्तृत टेस्ट किए। मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाते हैं। आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही सूचित कर दिया गया है।

**मूल्यांकित प्रमुख पैरामीटर:**
क) **वॉइस सेवाएं**: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सी.एस.एस.आर.), ड्रॉप कॉल रेट (डी.सी.आर.), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एम.ओ.एस.), कवरेज।
ख) **डाटा सेवाएं**: डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले ।

पश्चिम बंगाल एलएसए में सिक्किम राज्य में नामची और ग्यालशिंग जिलों के शहरी मार्गों में समग्र मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन का सारांश नीचे दिया गया है:

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट**- ऑटो-सेलेक्शन मोड **(5G/4G/3G/2G)** में एयरटेल**,** बीएसएनएल**,** आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 98.85%, 70.00%, 99.62% और 85.83% है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** - ऑटो-सेलेक्शन मोड **(5G/4G/3G/2G)** में एयरटेल**,** बीएसएनएल**,** आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल ड्रॉप रेट क्रमशः 0.39%, 19.62%, 1.71% और 10.02 % है।

**5 G** डेटा सर्विसेज ने ओवरऑल ड्राइव टेस्ट में की अधिकतम औसत डाउनलोड स्पीड **59.26** Mbps रही अधिकतम औसत अपलोड स्पीड **8.74** Mbps रही।


सिटी ड्राइव टेस्ट के दौरान आटो सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, वीआईएल और आरजेआईएल के लिए शहरी ड्राइव के दौरान तय किए गए मार्ग की **वायस टेस्टिंग** में क्रमशः 17.83%, 47.91%, 8.09% और 27.22% हिस्से पर **सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई**। **सिटी ड्राईव टेस्ट रुट पर**

**डाटा टेस्टिंग में** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल में क्रमशः 40.23%, 52.51%, 40.01% और 46.43% हिस्से पर सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई।

**नामची और ग्यालशिंग** में नेटवर्क के मूल्यांकन में मेली, सुंबुक, जोरेथांग, नयाबाजार नामची, लेगशिप, ग्यालसिंग, डराप, थिंगल। लैबिंग, चोंगरंग, ताशीडिंग, केवजिंग, बरफुंग, सांगमो, चेचेरी, बोमटार और किटम जैसे उच्च घनत्व वाले इलाके शामिल थे।

भादूविप्रा ने **स्टैटिक टेस्टिंग** के माध्यम से (i) डीसी ऑफिस ग्यालशिंग; (ii) डिस्ट्रिक एंड सैशन कोर्ट (iii) डिस्ट्रिक कोर्ट नामची; (iv) डिस्ट्रिक हौस्पीटल ग्यालशिंग; (v) डिस्ट्रिक हौस्पीटल नामची (vi) कंचनजंगा फाल, थिंगल-I, सिक्किम; (vii) नामची लोकल टैक्सी स्टैंड; (viii) पेमायांगत्से मोनास्ट्री, सिक्किम; (ix) टेमी टी गार्डन, साउथ सिक्किम; (x) डिस्ट्रिक पंचायत वैस्ट, सिक्किम में वास्तविक स्थितियों का मूल्यांकन किया और **वाक टेस्ट** के माध्यम से (i) बुद्धा पार्क, रावंगला, सिक्किम; (ii) सिद्धेश्वर धाम (चार धाम मंदिर) नामची, (iii) स्काईवॉक पेलिंग सिक्किम में वास्तविक स्थितियों का भी मूल्यांकन किया।

**प्रमुख सेवा गुणवत्ता मानदंडों पर निष्पादन : सी.एस.एस.आर.**: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (% में), **सी.एस.टी.**:कॉल सेटअप टाइम (सेकंड में), **डी.सी.आर**: ड्रॉप कॉल रेट (%में), **एमओएस**: मीन ओपिनियन स्कोर




**सारांश - वॉइस सेवाएं**

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 98.85%, 70.00%, 99.62% और 85.83% है।

**कॉल सेटअप टाइम:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः 2.38, 5.82, 0.89 और 1.70 सेकंड है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः19.62%, 1.71% और 10.02% है।

**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट:** पैकेट स्विच्ड नैटवर्क (4G/5G). में एयरटेल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल साइलेंस रेट क्रमशः 8.60%, 4.58%, 3.49% और 19.46% है।

**मीन ओपिनियन स्कोर (एम.ओ.एस.):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का एमओएस क्रमशः 3.76, 3.01, 4.13 और 3.94 हैं।

**सारांश - डाटा सेवाएं**

**डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 36.13Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 8.89Mbps, आरजेआईएल(5G/4G) की 59.26Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 13.72 Mbps है।

**डाटा अपलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 7.73 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 3.24 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 8.74Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 6.51 Mbps है।

**लेटेंसी (समग्र):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की 50वीं पर्सेंटाइल लेटेंसी क्रमशः 64.65 ms, 67.14 ms, 42.75 ms और 65.93 ms है।

**डाटा निष्पादन - हौट स्पॉट ( Mbps में):**

| | | |
|---|---|---|
| एयरटेल - | 4G D/L: 24.63 | 4G U/L: 5.78 |
| | 5G D/L: 20.27 | 5G U/L: 19.50 |
| बीएसएनएल - | 4G D/L: 10.43 | 4G U/L: 7.24 |
| आरजेआईएल - | 4G D/L: 10.81 | 4G U/L: 3.51 |
| | 5G D/L: 123.24 | 5G U/L: 6.89 |
| वीआईएल - | 4G D/L: 6.46 | 4G U/L: 4.59 |

**नोट - "D/L" डाउनलोड स्पीड "U/L" अपलोड स्पीड**

ये टेस्ट वास्तविक समय वातावरण में भादूविप्रा द्वारा सुझााए गए उपकरणों की सहायता से मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए आयोजित किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है।किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री कौशिक मुखर्जी ,सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता) भादूविप्रा से ईमेल adv.kolkata@trai.gov.in या टेलीफोन नं+91-33-22361401पर संपर्क किया जा सकता है।

कौशिक

(कौशिक मुखर्जी)

सलाहकार, भादूविप्रा क्षे.का., कोलकाता